तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जून 2026

10 भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण और संगठन...

10 प्रतिबंधित क्षेत्र पर कांग्रेसी की आतिशबाजी पर फूटा...




## खबर संक्षेप

### सरोना में नारी जागरण पर आज कार्यशाला

**सरोना।** गायत्री परिवार के तत्वाधान में सोमवार 8 जून को गायत्री चेतना केंद्र सरोना में एक



दिवसीय ब्लॉक स्तरीय नारी जागरण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र की माताओं, बहनों एवं महिला कार्यकर्ताओं की सहभागिता रहेगी। यह कार्यशाला परम वंदनीया माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों एवं पारिवारिक-सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति चेतना विकसित करना है। कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं को समाज निर्माण, संस्कार संवर्धन और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया जाएगा।

### एनहूर में 11-12 को पारंपरिक देव मेला

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम एनहूर




(बड़गांव) में 11 एवं 12 जून को दो दिवसीय पारंपरिक देव मेला आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और ग्रामीण तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्राम गायता सनऊ मंडावी, पटेल सोनसाय मंडावी एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मेले में पारंपरिक पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत मरकाटोला निवासी 18 वर्षीय रागणी निर्मलकर पिता राजकुमार निर्मलकर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। सीएचसी धनेलीकन्हार के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका द्वारा 6 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाने से युवक की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत घोडदा निवासी 45 वर्षीय संमुख दर्रो पिता शोभाराम दर्रो कि जहर खाने की वजह से 14 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था। घटना का पता चलते ही मृतक के परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक ने जहर किस कारणों से खाई यह फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ओपन स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए मौका 30 तक

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य/अवसर परीक्षा अगस्त-सितम्बर 2026 के लिए प्रवेश आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन भरने की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। सामान्य शुल्क के साथ प्रवेश आवेदन पत्र भरने की तिथि 25 मई से 30 जून तक निर्धारित की गई है।

### जहर खाने से अधेड़ की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सेलेगांव निवासी 55 वर्षीय डोमित कुमार पिता अखिलेश कुमार पटेल ने जहर सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया था।

# भाजपा का बढ़ता भारत, बदलता भारत थीम पर महाअभियान जनसंपर्क आज से

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में बढ़ता भारत, बदलता भारत थीम के तहत जनसंपर्क और जनजागरण अभियान चलाने जा रही है। पर्यावरण दिवस से शुरू हुए इस विशेष पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 8 जून से 14 जून तक /"घर-घर चलो महासंपर्क अभियान/" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा के मंत्री, विधायक, सांसद, जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी सीधे आम जनता के घरों तक पहुंचकर संवाद स्थापित करेंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान भाजपा नेता घर-घर जाकर यह भी जानने का प्रयास करेंगे कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं।

यदि किसी कारणवश कोई व्यक्ति किसी योजना के लाभ से वंचित है तो उसे संबंधित योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कांकेर जिले में विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम सहित प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के सभी पदाधिकारी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। जनप्रतिनिधि अपने विधानसभा क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे।

भाजपा का दावा है कि यह अभियान सरकार और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ-साथ आगामी चुनावी रणनीति की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगा। संगठन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक टोली में पांच से अधिक सदस्य शामिल नहीं होंगे। अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी सुनेंगे।

**मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष आयोजन**




### सांसद, विधायक व अन्य को दिया लक्ष्य

*भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संगठन की ओर से प्रत्येक स्तर के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसदों को कम से कम 50 लोगों से, प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए 25-25 लोगों से, जिला पदाधिकारियों को 15-15 तथा मंडल अध्यक्षों को 10-10 लोगों से मिलना अनिवार्य रहेगा। अभियान के दौरान बनाई गई फोटो और वीडियो सामग्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अपलोड किया जाएगा।*

## मौके पर कीमती लकड़ी के 24 नग चौखट और दो मोटरसाइकिल जब्त

# खैरकट्टा जंगल में वन अमले का रात तीन बजे दबिश व दो तस्कर गिरफ्तार

**वन विभाग की टीम ने आरोपियों से की पूछताछ**
**हुए कई खुलासे**

वन संपदा की सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय वन विभाग की टीम ने खैरकट्टा जंगल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी तस्करी के एक मामले का पर्दाफाश किया है। तड़के करीब तीन बजे की गई घेराबंदी कार्रवाई में विभागीय टीम ने लकड़ी से निर्मित चौखटों की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। तस्करों से अवैध लकड़ी सामग्री और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/पखांजुर

जानकारी के अनुसार पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडल के डीएफओ एस. नवीन कुमार तथा एसडीओ आरएस सोरी को जमीनी अमले ने अवैध तस्करी के बारे में संज्ञान में लाया गया था। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर तस्करों को पकड़ने के लिए खैरकट्टा क्षेत्र में जाल बिछाया गया। इसी दौरान जमीनी अमले को जानकारी मिली कि खैरकट्टा जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से लकड़ी चिरान कर चौखट तैयार करवाकर चौखट का रात को जंगल से बाहर लाया जाएगा। जानकारी की पुष्टि होने के बाद वन विभाग की टीम ने रणनीति बनाकर जंगल क्षेत्र में घेराबंदी की। देर रात से निगरानी कर रही टीम ने तड़के लगभग तीन बजे कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को मोटरसाइकिलों में चौखट लेकर जाते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान निहार व्यापारी पिता निर्मल व्यापारी निवासी ग्राम उजाला तथा मनीष टेकाम पिता बल्लीराम टेकाम निवासी आलोर के रूप में हुई। वन विभाग द्वारा की गई तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 24 नग लकड़ी के चौखट बरामद किए गए। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जब्त लकड़ी की मात्रा लगभग 0.264 घन मीटर आंकी गई है।

इसके अलावा तस्करी में उपयोग की जा रही हीरो कंपनी की दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। जब्त सामग्री और वाहनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी गई। उल्लेखनीय है कि जंगलों में अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग लगातार निगरानी बढ़ा रहा है। विभाग का कहना है कि वन अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**रैकेट की पतासाजी की जा रही**



*वन अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला वन संपदा की अवैध कटाई और परिवहन से जुड़ा पाया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है और साथ ही यह भी पतासाजी किया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। शामिल अन्य लोगों को भी दबोचने की बात विभाग के अमले ने कही।*

**कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल**

*इस पूरी कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी योगेश कुमार जुर्री, परिक्षेत्र रक्षक कानूलाल डे, अनिल कुमार नेताम, पुष्पेंद्र कुमार यादव तथा वनपाल रुस्तम विश्वकर्मा, अक्षय कुमार सोरी एवं देवनाथ हिडको की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

# मोबाइल टावरों से 144 बैटरियों की चोरियां, पुलिस के लिए बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले में मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में कोड़ेकुर्से थाना क्षेत्र के दो जियो मोबाइल टावरों को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने बैटरी बॉक्स के ताले तोड़कर 144 बैटरियां चोरी कर लीं। चोरी गई बैटरियों की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 75 हजार रुपये बताई गई है। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोबाईल कंपनी में नेटवर्क इंजीनियर के पद पर कार्यरत ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 32 वर्षीय संदीप जाट ने कोड़ेकुर्से थाना में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे अंतागढ़, कोयलीबेड़ा और दुर्गुकोंदल क्षेत्र में स्थापित जियो टावरों के रखरखाव का कार्य देखते हैं। नेटवर्क इंजीनियर के अनुसार 27 मार्च 2026 को ग्राम कराकी और आंधेवाड़ा स्थित जियो टावरों का नेटवर्क बार-बार अप-डाउन हो रहा था। तकनीकी खराबी की जांच के लिए वे 28 मार्च को दोनों टावरों का निरीक्षण करने पहुंचे। जांच के दौरान ग्राम कराकी स्थित जियो टावर में लगे तीन बैटरी बॉक्स (ओडीसी) के ताले टूटे हुए मिले। बैटरियों की जब गणना की गई तो वहां से 24-24 की संख्या में कुल 72 बैटरियां गायब थीं। इसके बाद वे ग्राम आंधेवाड़ा स्थित जियो टावर पहुंचे, जहां का नजारा भी लगभग वैसा ही था। यहां भी तीन बैटरी बॉक्स के ताले टूटे हुए मिले और जांच में 72 बैटरियां चोरी होना पाया गया। ▸▸| शेष पेज 08 पर

**दोनों केंद्र से चोरी हुई बैटरी की कीमत 1.75 लाख आंकी गई**




बैटरी चोरी होने से इस क्षेत्र के नेटवर्क प्रभावित, उपभोक्ता हलाकान

### बैटरी की चोरी पर नहीं लग रहा विराम

जिले में मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते कुछ वर्षों में अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, दुर्गुकोंदल और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मोबाइल टावरों को कई बार चोरों ने निशाना बनाया है। लाखों रुपये मूल्य की बैटरियां और अन्य उपकरण चोरी होने के बावजूद आरोपियों तक पहुंचना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। लगातार हो रही ऐसी वारदातों से मोबाईल कंपनियों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की नेटवर्क व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### पुलिस की विवेचना शुरू

नेटवर्क इंजीनियर की शिकायत पर कोड़ेकुर्से थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है तथा चोरों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है।

# प्रवेश के लिए आत्मानंद विद्यालय का घर-घर संपर्क अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, दुर्गुकोंदल द्वारा नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए व्यापक घर-घर संपर्क एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर पालकों से सीधे संपर्क कर रहे हैं तथा उन्हें विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। शिक्षकों द्वारा पालकों को बताया जा रहा है कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत विद्यालय में निजी संस्थानों के समान अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें स्मार्ट क्लासरूम, सुसज्जित कम्प्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था, सीसीटीवी सुरक्षा प्रणाली, खेलकूद सुविधाएं तथा ग्रीन स्कूल और इको क्लब जैसी गतिविधियां शामिल हैं। अभियान के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर देते हुए खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और नैतिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों की भी जानकारी दी। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों का प्रवेश विद्यालय में कराने का आग्रह किया ताकि वे शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं एवं आधुनिक संसाधनों का लाभ प्राप्त कर सकें। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। स्थानीय नागरिकों और पालकों का सकारात्मक सहयोग मिलने से विद्यालय को अधिकाधिक विद्यार्थियों के प्रवेश की उम्मीद है। लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे।

### सेजस दमकसा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय सेजस दमकसा में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपने बच्चों का समय पर प्रवेश कराने की अपील की है ताकि वे संस्थान में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकें। प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रवेश दिए जा रहे हैं। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कला, विज्ञान, वाणिज्य और गणित संकाय की व्यवस्था उपलब्ध है। वहीं कक्षा 9वीं में हेल्थ केयर एवं कृषि विषयों के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा भी संचालित की जा रही है।

# सूने घर से 1.63 लाख के जेवर पार महिला गिरफ्तार, आभूषण बरामद

## साप्ताहिक बाजार गए थे दंपति, पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

घर में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने की घटना का नरहरपुर पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की खास बात यह रही कि जिस महिला पर पीड़ित परिवार भरोसा करता था, वही चोरी की वारदात की मास्टरमाइंड निकली। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से चोरी गए सभी जेवरात बरामद कर लिए हैं, जिनकी कुल कीमत 1 लाख 63 हजार 350 रुपये आंकी गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरेठिनबाहरा निवासी दिवस कुंजाम ने थाना नरहरपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी पत्नी के साथ नरहरपुर साप्ताहिक बाजार गया हुआ था। घर में कोई नहीं होने का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने ड्रेसिंग टेबल में रखी आलमारी की चाबी निकाल ली और आलमारी तथा लॉकर खोलकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। ▸▸| शेष पेज 08 पर



### 1 लाख 63 हजार के मिले जेवरात

पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से दो नग सोने के झुमके, एक सोने का मंगलसूत्र, दो सोने के दाने, दो सोने के लॉकेट तथा एक जोड़ी चांदी की पायल बरामद कर जब्त की। बरामद जेवरातों की कुल कीमत 1 लाख 63 हजार 350 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी चन्द्रकला मरकाम निवासी उरैया, थाना नरहरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

इस कार्रवाई में निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, उपनिरीक्षक पीयूष कुमार यादव, प्रधान आरक्षक खेमराज नेताम, आरक्षक निलेश साहू, महिला आरक्षक सरिता गोटी एवं रानी नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गायत्री शक्तिपीठ की कार्यशाला में गूंजा संदेश

# मजबूत नारी ही सशक्त समाज की आधारशिला

बदलते दौर में महिलाओं की भागीदारी केवल परिवार तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे समाज और राष्ट्र निर्माण की अग्रिम पंक्ति में अपनी प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। इसी सोच को साकार करने और महिलाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से गायत्री शक्तिपीठ कांकेर में एक दिवसीय नारी जागरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ महिलाओं ने अपने विचार रखे और उपस्थित महिलाओं को सामाजिक परिवर्तन की वाहक बनने का संदेश दिया।

**गायत्री शक्तिपीठ कांकेर में नारी सशक्तिकरण पर आयोजित हुई कार्यशाला**

**नारी चेतना के दीप से रोशन होगा समाज, कांकेर में हुआ जागरण अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

आयोजित कार्यशाला में इंद्रिरा सोनवानी ने नारी जागरण के उद्देश्य एवं उसकी वर्तमान समय में आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की जागरूकता ही एक सशक्त एवं संस्कारित समाज की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का आह्वान किया। चित्रांगदा दर्रो ने परम वंदनीया माताजी के जन्मशताब्दी वर्ष के संदर्भ में महिलाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों की संरक्षक भी है। ▸▸| शेष पेज 08 पर

**नारी जागरण से समाज में आएगी नई जागृति-सकारात्मक परिवर्तन**



### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

*कार्यक्रम का समापन महिला जागरण और सामाजिक उत्थान के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर अर्चना साहू, मंजू साहू, अमरीका साहू, सुमित्रा साहू, निर्मला यादव, धारिणी साहू, पार्वती साहू, सरिता साहू एवं गायत्री परिवार से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रही।*

# विवाद के बाद गाली गलौज फिर डंडे से हमला, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

मांडाभर्री में मामूली कहासुनी और गाली-गलौज को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। विवाद के दौरान एक युवक पर लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया गया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर दुधावा चौकी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मांडाभरी निवासी 26 वर्षीय टिकेश्वर पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 जून की रात लगभग साढ़े 8 बजे वह अपने मित्र हरीश सेन के साथ गांव की गली में टहल रहा था। इसी दौरान दोनों बिरेन्द्र नेताम के घर के पास पहुंचे।



बातचीत के दौरान अनजाने में टिकेश्वर के मुंह से गाली निकल गई, जिसे सुनकर बिरेन्द्र नेताम नाराज हो गया। बताया गया कि गाली सुनने के बाद बिरेन्द्र नेताम ने टिकेश्वर से विवाद शुरू कर दिया। कुछ ही देर में दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि बिरेन्द्र नेताम ने गाली-गलौज करते हुए टिकेश्वर के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। विवाद के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। ▸▸| शेष पेज 08 पर

# मर्दापाल अंचल को वनमंत्री ने दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

## मंत्री कश्यप ने 23 ग्राम पंचायतों में विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को मर्दापाल मंडल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर 4 करोड़ 6 लाख 67 हजार की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन विकास परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को बेहतर शिक्षा, आवागमन एवं जनसुविधाओं का लाभ मिलेगा।

मंत्री श्री कश्यप ने ग्राम पंचायत चांगेर में लगभग 77.96 लाख की लागत से पुलिया निर्माण, नवीन प्राथमिक शाला भवन, सीसी सड़क, रंगमंच एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से गांव में शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी।



### ग्रामीण विकास को नई दिशा देंगे ये कार्यः केदार कश्यप

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव–गांव तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, शिक्षा, सामुदायिक अधोसंरचना और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की मजबूत नींव तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ गांव में ही मिलेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। सरकार का उद्देश्य केवल भवन और सड़कें बनाना नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शिक्षा, रोजगार, सामाजिक गतिविधियों और जनसुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास, विश्वास और समृद्धि के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है।

### मूलनार में आधारभूत संरचना विकास को मिली गति

ग्राम मूलनार में लगभग 90.79 लाख की लागत से पुलिया, बाउंड्रीवाल, सीसी सड़क तथा अन्य विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत रानापाल, कोंगेरा, मुंगवाल एवं चेरंग में लगभग 28 लाख की लागत से पुलिया एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। वन मंत्री ने ग्राम पंचायत हथकली, मटवाल, पेरमापाल, नरिहा एवं आदनार में लगभग 99.99 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, नवीन शाला भवन एवं पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम बड़ेकुरुषनार में लगभग 88.14 लाख की लागत से पुलिया, रंगमंच, आहाता, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, नवीन प्राथमिक शाला भवन, सांस्कृतिक भवन एवं पंचायत भवन निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। इससे ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं और प्रशासनिक सुविधाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। ग्राम बेचा में लगभग 21.79 लाख की लागत से रंगमंच एवं माध्यमिक शाला भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल से शराब की तस्करी, आरोपी गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल से अंग्रेजी शराब का अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। कोतवाली पुलिस को 4 जून को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 17 केएफ 4534 में प्लास्टिक बोरी के भीतर अंग्रेजी शराब और बीयर लेकर बायपास मार्ग से सिरपुर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने एनएच–30 स्थित दिनेश पेट्रोल पंप के आगे नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। वाहन चालक ने अपना नाम धनराज सुरोजिया 37 वर्ष निवासी सिरपुर, थाना फरसगांव बताया। मोटरसाइकिल के पीछे बंधी प्लास्टिक बोरी की जांच करने पर उसमें विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने कुल 11.580 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उपनिरीक्षक राजकुमार कोमरा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र देहरी, अशोक मरकाम सहित टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सस्ती बाइक का झांसा देकर ग्रामीणों से ठगी दो आरोपी गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** जिले में कम दाम में मोटरसाइकिल दिलाने का झांसा देकर ग्रामीणों से ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने डिस्काउंट ऑफर का लालच देकर कई लोगों से नकद राशि व दस्तावेज लेकर उनके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार 22 मार्च को जैतपुरी निवासी बसमन नेताम ने थाना कोंडागांव में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि सुखधर पोयाम और जयन्तो हलदार ने कम कीमत में मोटरसाइकिल उपलब्ध कराने का भरोसा देकर उनसे तथा आसपास के कई ग्रामीणों से बड़ी रकम वसूली। आरोपियों ने राजकुमार मरकाम से 65 हजार रुपये, संतुराम से 75 हजार रुपये, लायकराम से 80 हजार रुपये, खेमसिंह से 65 हजार रुपये, नवलसिंह से 85 हजार रुपये सहित अन्य लोगों से भी रकम ली, लेकिन वाहन उपलब्ध नहीं कराए। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने ग्रामीणों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और फोटो लेकर उनकी जानकारी के बिना फर्जी हस्ताक्षर किए। इसके बाद उनके नाम पर वाहन फाइनेंस कराए गए, जबकि पीड़ितों को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। जांच के दौरान उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने सुखधर पोयाम 36 वर्ष, निवासी कोकोड़ी टेगनापखना पारा, कोंडागांव जयन्तो हलदार नाइक 27 वर्ष, निवासी बनियागांव कुदुमभाटा, कोंडागांव दोनों आरोपियों को 4 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## समीक्षा : उपमुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की ली जानकारी

# प्रभावी कार्यशैली और नई तकनीकों को अपना कर समस्याओं का करें त्वरित समाधान : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता, समय–सीमा और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने जिले के तीनों नगरीय निकायों कोंडागांव, केशकाल और फरसगांव में मानसून पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि कोण्डागांव जिला विकास की असीम संभावनाओं से परिपूर्ण है। विशेष रूप से केशकाल घाट बायपास निर्माण परियोजना क्षेत्र के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ प्रशासनिक कार्यप्रणाली में भी बदलाव आवश्यक है। अधिकारी नई तकनीकों का उपयोग कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें तथा आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के कारण बस्तर क्षेत्र लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहा, लेकिन अब परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रें तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का मूल उद्देश्य है और इसके लिए सभी विभागों को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने पर जोर

नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान श्री साव ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को वर्षा ऋतु से पूर्व नालियों की सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच, अधिकारियों के अनिवार्य मार्निंग विजिट तथा स्वच्छता व्यवस्था की सतत निगरानी पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों को मिशन मोड में पूरा करने तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।




### जल जीवन मिशन और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण कर ग्रामीण क्षेत्रें में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन सड़कों, पुल–पुलियों एवं भवन निर्माण कायोंर् की प्रगति की जानकारी ली गई। श्री साव ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय–सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### खेल गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर भी हुई चर्चा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने जिले में खेल गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं समन्वित ढंग से संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा खेल अधोसंरचना के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में जल प्रदाय परियोजनाओं, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, आकांक्षी शौचालय निर्माण, राजस्व वसूली तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कायोंर् की प्रगति की समीक्षा की गई।

### उप मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिले में विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कायोंर् की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता एवं समय–सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगर पालिका क्षेत्र में मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत निर्माणाधीन जल प्रदाय योजना का अवलोकन किया। उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को ठेकेदारों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मिशन अमृत 2.0 के तहत लगभग 104 करोड़ रुपये की लागत से कोण्डागांव में 9 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से कोसारटेडा बांध से पानी लाकर उसका शोधन कर नल कनेक्शनों के जरिए घर–घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। योजना का लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इसके अंतर्गत दो ओवरहेड टैंकों का निर्माण भी किया जा रहा है। कोपाबेड़ा में 3 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे तालाब सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कोपाबेड़ा से शिव मंदिर तक निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। लगभग 2.9 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण 4 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, कुलवंत चहल, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कोण्डागांव–नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग–130डी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण के साथ–साथ पुल–पुलियों के निर्माण कार्यों की जानकारी ली और निर्देश दिया कि बारिश के मौसम में लोगों की आवाजाही बाधित न हो, इसके लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। चिखलपुट्टी स्थित नवनिर्मित बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए उप मुख्यमंत्री ने यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को बस स्टैंड के सुचारू संचालन, साफ–सफाई और यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# फिट इंडिया का संदेश, निकाली 'संडे ऑन साइकिल' रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत 'संडे ऑन साइकिल' विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर में भव्य साइकिल रैली निकालकर नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

■ साइक्लिंग से स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण भी होता है बेहतर : जसकेतु उसेंडी

रैली के शुभारंभ से पहले विकासनगर स्टेडियम में प्रतिभागियों ने योग एवं जुम्बा गतिविधियों में भाग लिया। फिटनेस से जुड़े इन कार्यक्रमों ने उपस्थित युवाओं, खिलाड़ियों और नागरिकों में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। साइकिल रैली का शुभारंभ विकासनगर स्टेडियम से हुआ। रैली जिला न्यायालय, पुराना सर्किट हाउस, जयस्तंभ चौक और बाजारपारा मार्ग से होते हुए पुनः विकासनगर स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने नियमित साइकिल चलाने को स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए लोगों से इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।



### साइकिलिंग को बनाया जा रहा जनआंदोलन

आयोजकों ने बताया कि 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने, प्रदूषण कम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। साइकिल का उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नियमित व्यायाम, योग और साइकिलिंग जैसी गतिविधियां व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक है। अभियान को प्रतिभागियों और नागरिकों का भरपूर समर्थन मिला तथा इसे स्वास्थ्य जागरुकता की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया गया।

### पीएम आवास परिसरों में पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत कोंडागांव जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के घरों एवं परिसरों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा ग्रामीण क्षेत्रें में पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों ने अपने घरों के आंगन एवं परिसर में पौधारोपण किया। स्थानीय जलवायु एवं भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फलदार, छायादार तथा औषधीय पौधों का चयन किया गया, जिससे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों को आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी मिल सके।

## "एक बीज, हजारों हरियाली की उम्मीद" का दिया संदेश

# सालेभाट में 50 हजार सीड बॉल निर्माण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

विकासखंड अंतर्गत ग्राम सालेभाट में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से विशाल सीड बॉल निर्माण किया गया। कार्यक्रम समर्थन संस्था सेंटर फार डेव्हलपमेंट सपोर्ट एवं एस बी आई फाउंडेशन के वित्तपोषण से संचालित एसबीआई ग्राम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत सालेभाट एवं वन संसाधन प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

■ महिला, युवाओं एवं विद्यार्थियों की रही भागीदारी

शासकीय हाई स्कूल सालेभाट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 50,000 सीड बॉल निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे सामुदायिक सहभागिता और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा आगामी मानसून में बंजर एवं वनविहीन क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर बीज प्रसार करना था। "एक बीज, हजारों हरियाली की उम्मीद" के संदेश के साथ प्रतिभागियों ने मिट्टी, जैविक खाद एवं विभिन्न प्रजातियों के बीजों से हजारों सीड बॉल तैयार किए, जिन्हें वर्षा ऋतु के दौरान उपयुक्त स्थानों पर बिखेरा जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन, वन क्षरण एवं पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए सामुदायिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सीड बॉल तकनीक कम लागत में बड़े पैमाने पर पौधारोपण एवं वन पुनर्जीवन का प्रभावी माध्यम है, जो जैव विविधता संरक्षण, मृदा एवं जल संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक हरित क्षेत्र विकसित करने तथा तैयार किए गए सीड बॉल्स को मानसून पूर्व उपयुक्त स्थानों पर प्रसारित करने का संकल्प लिया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर व्याख्याता संदीप कुमार सेन एवं शिक्षक विनोद साहू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सालेभाट की सरपंच श्रीमती अंजुलता तुलेश नेताम, शासकीय हाई स्कूल सालेभाट के व्याख्याता एवं इको क्लब प्रभारी फणीश्वर साहू, समर्थन एवं एस बी आई ग्राम सेवा कार्यक्रम के जिला समन्वयक मंजीत साहू, हाई स्कूल सालेभाट के शाला जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं सामुदायिक वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रीत राम मरकाम, हीरालाल मंडावी, पंच जयचंद कुंजाम एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे।

## पेज 07 के शेष

### मोबाइल टावरों से 144...

इस प्रकार दोनों टावरों से कुल 144 बैटरियां चोरी कर ली गईं। लगातार सामने आ रही बैटरी चोरी की घटनाओं ने दूरसंचार कंपनियों के साथ-साथ पुलिस की चिंता भी बढ़ा दी है। टावरों में लगे उपकरणों की सुरक्षा को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं।

### सूने घर से 1.63 लाख...

अगले दिन सुबह जब उसकी पत्नी ने आलमारी की जांच की तो चोरी का पता चला। शिकायत मिलते ही थाना नरहरपुर में अपराध क्रमांक 105/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच तेज कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने परिवार के परिचितों, रिश्तेदारों तथा घर आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की। लगातार सूचना संकलन और मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस का संदेह ग्राम उरैया निवासी 23 वर्षीय चन्द्रकला मरकाम पर गया, जो प्रार्थी की पत्नी की परिचित थी। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर चन्द्रकला मरकाम ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और चोरी किस तरह से किया, उसका खुलासा भी किया।

### सशक्त नारी ही...

जन्मशताब्दी वर्ष महिलाओं के लिए आत्ममंथन और समाज सेवा के संकल्प का अवसर है। अंजलि कुजाम ने नारी सशक्त कैसे बने विषय पर अपने विचार रखते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, कौशल विकास अपनाने तथा निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान ही सशक्त महिला की सबसे बड़ी पहचान है। डुमेश्वरी महावीर ने महिलाओं की वर्तमान समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने सामाजिक चुनौतियों, पारिवारिक दबाव, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से अधिकांश समस्याओं का समाधान संभव है। मान नाग ने महिला मंडल गठन एवं कार्ययोजना की जानकारी देते हुए संगठित महिला शक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिला मंडलों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है तथा विभिन्न सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकता है।

आयोजित कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं ने विषय विशेषज्ञों के विचारों को गंभीरता से सुना और समाज निर्माण, संस्कार संवर्धन तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### विवाद के बाद गाली...

पीड़ित के अनुसार धक्का-मुक्की और झगड़े के बीच आरोपी ने लकड़ी के मोटे डंडे से उस पर हमला कर दिया। हमले में टिकेश्वर पटेल की पीठ, दाहिने कंधे, चेहरे तथा बाएं हाथ की कलाई के पास चोटें आईं। घटना के समय उसके साथ मौजूद मित्र हरीश सेन ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। मारपीट में घायल टिकेश्वर को तत्काल उपचार के लिए सारवंडी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के बाद अगले दिन वह दुधावा चौकी पहुंचा और घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी बिरेन्द्र नेताम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 और 351 (3) के तहत अपराध दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला आज

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार की राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 8 जून को प्रातः 10 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में किया जा रहा है। मेले में प्रशिक्षणार्थियों का अपरेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीयन तथा स्वरोजगार एवं रोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दंतेवाड़ा द्वारा कैरियर काउंसलिंग एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेंटिसशिप हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### सरपंच-सचिवों को मिला प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत में जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के मैदानी अमले को पंचायत विकास योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक तथा मितानिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों की 9 थीम, गुणवत्तापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना , टाइड एवं अनटाइड निधियों के समुचित उपयोग, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स स्कोर तथा बाल सभा एवं महिला सभा की भूमिका और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में संकाय सदस्यों, करारोपण अधिकारी तथा पीरामल फाउंडेशन की टीम ने प्रशिक्षक के रूप में सहभागिता करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनभागीदारी और समावेशी विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों की पंचायत विकास योजनाओं के प्रति समझ और जागरूकता में वृद्धि हुई।

## निधन

### मंगलदेई राणा



**जगदलपुर।** महारानी वार्ड निवासी बाल विहार विद्यालय की सेवानिवृत्त कर्मचारी मंगलदेई राणा (65) का मध्य रात्रि को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। शनिवार की रात तबियत बिगड़ने पर महारानी अस्पताल ले जाया गया वहां से मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां अंतिम सांस ली। रविवार को मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। निवास से निकली अंतिम यात्रा में परिजन और वार्ड के लोग शामिल थे। वह आत्मानंद विद्यालय जगदलपुर के कर्मचारी भोलानाथ राणा की माता थी। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### त्रिवेणी झा



**जगदलपुर।** इंदिरा वार्ड निवासी त्रिवेणी झा का 92 वर्ष की अवस्था में शनिवार रात 8:30 बजे निधन हो गया। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आनंद झा के दादा थे। अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम में किया गया। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# आर्थिक तंगहाली के बीच बस्तर की बेटियों ने रोशन किया क्षेत्र का नाम

## तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की बेटियों ने रचा सफलता का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भी यदि सपनों को मेहनत का सहारा मिल जाए, तो सफलता की नई इबारत लिखी जा सकती है। बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के ग्राम उलनार निवासी निर्धन परिवारों की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने यह साबित कर दिखाया है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों से जुड़ी रुद्राणी कश्यप और डालेश्वरी बघेल ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

ग्राम उलनार की रहने वाली रुद्राणी कश्यप ने सेजेस करपावंड में अध्ययन करते हुए तथा डालेश्वरी बघेल ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उलनार में पढ़ाई कर अपनी लगन, अनुशासन और परिश्रम के बल पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि ने यह संदेश दिया है कि ग्रामीण अंचलों के बच्चे भी अवसर मिलने पर किसी से कम नहीं हैं।

इन दोनों छात्राओं की प्रतिभा को सम्मानित करते हुए तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए संचालित शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत पंद्रह-पंद्रह हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। गत दिवस उलनार में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में सांसद महेश कश्यप ने दोनों छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के चेक सौंपे और उन्हें आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उच्च शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी। साथ ही इन बच्चों को पौधे प्रदान कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्वयं सजग रहकर समाज को जागरूक करने प्रोत्साहित किया।

रुद्राणी की सफलता से उसके परिवार में खुशी का माहौल है। माता कुंती कश्यप ने बताया कि बेटी की उपलब्धि ने पूरे परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। उन्होंने कहा कि रुद्राणी की रुचि जीव विज्ञान विषय में है और वे उसकी आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे, ताकि वह अपने सपनों को साकार कर सके। वहीं डालेश्वरी बघेल के पिता लम्बोदर बघेल ने बताया कि बेटी की इस सफलता में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शिक्षकों की सलाह के अनुसार वे गांव के स्कूल में ही उसकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देंगी, जिससे वह आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर सके।



### शिक्षा प्रोत्साहन योजना का प्रभाव

तेंदूपत्ता संग्रहण जैसे श्रमसाध्य कार्य से जुड़े इन परिवारों की बेटियों की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बन गई है। शिक्षा प्रोत्साहन योजना से मिली सहायता ने न केवल छात्राओं का उत्साह बढ़ाया है, बल्कि उनके सपनों को नई दिशा और नई ऊर्जा भी प्रदान की है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर सफलता का परचम लहराने वाली ये बेटियां आज इस पूरे क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई हैं।

## दो दिवसीय नारी जागरण शिविर का समापन, 150 से अधिक महिलाओं की सहभागिता

# नारी शक्ति ही समाज परिवर्तन की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा





अखिल विश्व गायत्री परिवार के नारी जागरण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय नारी जागरण शिविर का शुभारंभ 6 जून को कोकावाड़ा में श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण

■ नारी सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का विकास असंभव

में संपन्न हुआ। यह शिविर 6 से 7 जून तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन रामेश्वरी दीदी एवं रुक्मणी दीदी के सानिध्य में संपन्न हुआ। शिविर में जिले के विभिन्न ग्रामों से आई 150 से अधिक महिलाओं एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान नारी जागरण, परिवार निर्माण में महिलाओं की भूमिका, संस्कार संवर्धन, स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मनिर्भरता, व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति समाज परिवर्तन की आधारशिला है तथा उसके जागरण से परिवार, समाज और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर गायत्री परिवार जिला सुकमा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही। इनमें आयता राम पोडियाम मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, सुकमन नाग, राजकुमार बघेल जिला समन्वयक, रामधर बघेल संयोजक, युवा प्रकोष्ठ, रत्तूराम यादव, रमेश नेगी संयोजक बीएसजीपी, शकुंतला नाग महिला प्रकोष्ठ संयोजिका, लक्ष्मी नाग, उर्मिला नाग, मानक नाग, बिसनाथ नाग कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रभारी, लच्छू राम बघेल सहित अन्य सहयोगी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजकों ने जिले की समस्त मातृशक्ति एवं बहनों से शिविर में अधिकाधिक संख्या में सहभागी होकर व्यक्तित्व निर्माण एवं समाज निर्माण के इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है।

### सामाजिक कुरीतियों के प्रति किया गया जागरूक

गायत्री परिवार के पदाधिकारी अनिल टावरी ने बताया कि शिविर के दौरान महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला अधिकार, स्वरोजगार, आत्मरक्षा तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न विषय विशेषज्ञों एवं वक्ताओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### प्रतिभागियों का सम्मान

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं और उनके सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। शिविर में समूह चर्चा, प्रेरक व्याख्यान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उपस्थित महिलाओं ने ऐसे जागरूकता शिविरों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल देते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय नारी जागरण शिविर ने महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

# पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता : पांडेय



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डेब्रिधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र जगदलपुर तथा उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सोनारपाल के संयुक्त तत्वावधान

■ उद्यानिकी महाविद्यालय परिसर में फलदार और औषधीय पौधों का रोपण

में महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष नगर पालिक निगम खेम सिंह देवांगन, पार्षद निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, पूनम सिन्हा तथा सरपंच कालीपुर सरिता भोयर थे।

अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. जी. पी. नाग ने की। आमंत्रित अतिथि के रूप में डॉ. ईशु साहू, अधिष्ठाता सोनारपाल उपस्थित रही।

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं से अधिकाधिक पौधरोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। स्वच्छ वातावरण के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. नाग ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा पर्यावरणीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. ईशु साहू ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

### औषधीय पौधों का रोपण

महाविद्यालय परिसर में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम कुमार देवांगन ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सेवानिवृति जीवन की एक नई पारी की शुरुआत : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शासकीय सेवा से मुक्त हो रहे शासकीय सेवकों के लिए आज का दिन एक विदाई की घड़ी न होकर जीवन की एक नई और ऊर्जावान पारी की शुरूआत का प्रतीक बन गया। जिला प्रशासन के सम्मान समारोह में कलेक्टर आकाश छिकारा

■ सेवानिवृत शासकीय सेवकों का किया गया सम्मान

ने 32 सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने जिला कोषालय के अमले की कार्यप्रणाली की सराहना की। जिनकी तत्परता के कारण विदाई के इस खास अवसर पर ही सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उनके पेंशन पेमेंट ऑर्डर और ग्रेच्युटी पेमेंट ऑर्डर सहित अन्य सभी भत्तों व लाभों का भुगतान एक साथ सुनिश्चित कर दिया गया। कलेक्टर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों की एक लंबी और समर्पित शासकीय सेवा पूरी करना गर्व की बात है। शासकीय सेवा से मुक्त होने का अर्थ जीवन की सक्रियता से पीछे हटना नहीं है, क्योंकि ये सभी वरिष्ठ जन केवल सेवानिवृत्त हुए हैं थके नहीं हैं इसलिए इनकी ऊर्जा और लंबे अनुभवों का लाभ समाज को आगे भी मिलना चाहिए। वर्षों की सेवा के दौरान अर्जित किया गया अनुभव, जैसे शासकीय बारीकियां, एक ऐसा अनमोल खजाना हैं जिसे नए शासकीय सेवाओं के साथ साझा किया जाना बेहद जरूरी है, ताकि जब नई पीढ़ी की ऊर्जा और वरिष्ठों के व्यावहारिक अनुभव का समागम से अधिक सुदृढ़ तथा बेहतर तरीके से दायित्वों का निर्वहन किया जा सके।

### परिवार के प्रति ध्यान केंद्रित करें

कलेक्टर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपने व्यक्तिगत जीवन और परिवार के प्रति ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अक्सर शासकीय सेवा की व्यस्तता के कारण कर्मचारी अपने परिवार को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं अब उनके पास इसके लिए पर्याप्त समय है और परिवार एवं समाज को अपने दीर्घानुभव का लाभ दे सकेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अनिल पाठक सहित कोष, लेखा एवं पेंशन तथा जिला कोषालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा सेवानिवृत शासकीय सेवकों के परिजन मौजूद रहे।

# बीमारियों से बचाएगा कोदो, कुटकी और मड़िया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

रागी (मडिया) कोदो कुटकी जैसे मोटे अनाज अपने पोषक तत्वों और स्वास्थ्य वर्धक गुणों के चलते पूरे संसार में सुपर फूड का दर्जा पा चुके है और तो और पौष्टिकता और

■ दंतेवाड़ा में सरकारी कृषि नीतियों से चमकी मिलेट्स की खेती

सुपाच्य गुणों के रूप में आज रसोई घरों, होटलों और रेस्टोरेंट में भी इनका प्रवेश हो गया हैं। आज की आधुनिक भाग दौड़ भरी जिदंगी ने हमारे खान पान की शैली को बुरी तरह से प्रभावित किया है। फलस्वरूप नाना प्रकार की बीमारियों ने भी आम आदमी के जन जीवन में घर कर लिया। जहां तक इन मोटे अनाजों की पौष्टिकता का प्रश्न है ये कैल्शियम आयरन और फाइबर से भरपूर होते है ग्लूटेन मुक्त होने के कारण पचने में बेहद आसान, वजन नियंत्रण, हड्डियों की मजबूती और ब्लड शुगर को संतुलित रखने में मदद करते है।

जिले के परिदृश्य की बात कही जाए तो यहां के किसान सालों से मिलेट अन्न की खेती किसी न किसी रूप में करते आ रहे थे। यह तथ्य अलग है कि उस समय इन अनाजों के स्वास्थ्य गुणों की जानकारी से कम लोग ही परिचित थे। परन्तु अब परिस्थितियां बदल चुकी है। राज्य एवं केन्द्र शासन की कृषि नीतियों में अब मिलेट अर्थात श्री अन्न को प्रमुखता से प्रमोट किया जा रहा हैं। और इन फसलों को समर्थन मूल्य भी बढ़ाया गया हैं जिसके कारण अब मिलेट खेती का रकबा जिले में बढ़ा है। इस क्रम में जिले के ग्राम पोटाली और नहाड़ी के दो युवा कृषकों दिलीप मरकाम, और हलदर हेमला ने कृषि उन्नति योजना के तहत अपने खेत में कोदो कुटकी उत्पादन कर उल्लेखित लाभ अर्जित किया है।

# कला और संवाद से टूटी मासिक धर्म की वर्जनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मौन और वर्जनाओं को तोड़ने की दिशा में पहल के रूप में लेट्स टॉक खुलकर कार्यक्रम का आयोजन दलपत सागर के बस्तर आर्ट गैलरी में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म (पीरियड्स) से जुड़े मिथकों, भेदभाव और सामाजिक कलंक को चुनौती देना तथा कला, संवाद और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जागरूक और सहयोगी समाज के निर्माण को बढ़ावा देना रहा।

■ लेट्स टॉक खुलकर कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी

यह पहल युवाओं को अपने समुदायों में सामाजिक एवं व्यवहारगत परिवर्तन के अग्रदूत के रूप में सशक्त बनाने का प्रयास करती है।

यह कार्यक्रम एलायंस आफ बेहवियर चेंस के सहयोग से आयोजित किया गया, जो 140 से अधिक गैर-सरकारी और नागरिक समाज संगठनों का एक साझा मंच है। इस सहयोग ने यह संदेश दिया कि गहराई से जड़ जमाए सामाजिक मानदंडों को बदलने के लिए बहु हितधारक साझेदारी आवश्यक है।



कार्यक्रम के दौरान कला, हस्तशिल्प, कहानी-कथन, नुक्कड़ नाटक और ओपन माइक सत्रों के माध्यम से मासिक धर्म जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर संवाद किया गया। वक्ताओं ने बताया कि एक औसत महिला अपने जीवन के लगभग 2,400 दिन मासिक धर्म का अनुभव करती है, जो शारीरिक पीड़ा, मानसिक तनाव और सामाजिक भेदभाव से जुड़ा होता है।

ऐसे में सही जानकारी, संसाधनों तक पहुंच और खुले संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया गया। यूनिसेफ के प्रतिनिधि चंदन कुमार ने कहा कि केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि परिवारों, समुदायों और पुरुषों की सहभागिता से व्यवहारगत परिवर्तन को बढ़ावा देना जरूरी है।

# ग्राम पंचायतों में लागू होगा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का वाचन कर ग्रामीणों को इसके प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।



ग्राम सभाओं में स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण के अंतर्गत सूखा, गीला, सेनेटरी एवं विशेष प्रकार के कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने, उनके उचित निपटान एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु यूजर चार्ज लागू करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किए गए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया गया तथा “स्वच्छ एवं हरित पंचायत” का संदेश दिया गया। विशेष ग्राम सभाओं में सरपंच, पंच, सचिव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पदाधिकारियों ने ली समाज सेवा की शपथ

**जगदलपुर।** धुरवा समाज क्षेत्र क्रमांक 5 कमानार के सेवा केंद्र में क्षेत्रीय पदाधिकारियों का मनोनयन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के उत्थान, संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक एकजुटता का संकल्प लेते हुए नई कार्यकारिणी घोषित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभागीय महासचिव डॉ. गंगाराम धुर, जिला अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला सहसचिव मनीराम नाग और युवा प्रभाग के संभागीय अध्यक्ष सुखदेव बघेल सहित संभागीय, जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी शामिल रहे। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में नवनियुक्त सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नई कार्यकारिणी सूची में मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष सोनाराम नाग, उपाध्यक्ष सुकराम नाग, महासचिव, मुख्य संयोजक बलदेव कश्यप, सहसचिव बुधराम मौर्य, कोषाध्यक्ष मनीराम कश्यप, प्रवक्ता सुकराम नाग, सलाहकार मंगलराम नाग, कार्यकारी मंडल एवं सदस्य वरिष्ठ सलाहकार सोनाराम मौर्य, वरिष्ठ सदस्य चैतुराम नाग, सदस्य लखमू राम कश्यप, सदस्य दशरथ कश्यप, सदस्य सहदेव नाग, सदस्य लखेश्वर कश्यप एवं सदस्य सोनसिंह नाग रहे।

## 5 स्वास्थ्य कर्मियों को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल के पांच कर्मचारियों के सेवानिवृत्त पर धरमपुरा स्थित मुरिया सदन में रविवार को समारोहपूर्वक विदाई दी गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल के कर्मचारियों द्वारा सर्वप्रथम मंगली बाई, मालती बाई चतुर्थ वर्ग कर्मचारी, कंचन मणि एक्का, नदलजीत एएनएम और छापर भानपुरी एमपीएस संध्या चौधरी को शानदार ढंग से विदाई दी गई। कार्यक्रम में रमा किरण साहू, रोहित सूता और सविता मालवीय के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। इसी तरह सीएससी तोकापाल की स्टाफ और सीएचओ ग्रुप द्वारा भी गीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## वाहनों की टंकी में ही मिलेगा ईंधन खुले में बिक्री पर होगी कार्रवाई

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर खाद्य शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के द्वारा संदर्भित आदेश के माध्यम से राज्य शासन द्वारा पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में पेट्रोल एवं डीजल के रिटेल आउटलेट से उपभोक्ताओं को इसके विक्रय के संदर्भ में निर्देश जारी किए गए है। इसके अनुसार राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियो तथा समानांतर विपणनकर्ता कंपनी के पेट्रोल एवं डीजल के रिटेल आउटलेट संचालक द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति, विक्रय सीधे उपभोक्ता के वाहन की टंकी में की जावेगी। रिटेल आउटलेट संचालक द्वारा ड्रम, बोतल, जेरीकेन में पेट्रोल एवं डीजल का विक्रय नहीं किये जा सकेगे। और इसके उल्लंघन पर कार्यवाही की जा सकेगी।

रबी सीजन की फसल कटाई तथा आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों के संदर्भ में प्रदेश के कृषकों की मांग तथा जिला कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित ऐसे समस्त रेल्वे, सड़क निर्माण, भवन निर्माण संबंधी समय-सीमा में पूर्ण किये जाने वाले शासकीय कार्यों तथा कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित अत्यावश्यक सेवाओं (यथा-अस्पताल, मोबाईल टॉवर आदि) को बिन्दु क्रमांक (1) के निर्देश के प्रावधानों से छूट दी जाएगी। कृषकों तथा कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित शासकीय कार्यों एवं अत्यावश्यक सेवाओं हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा प्रस्तुत मांग के परीक्षण उपरांत रिटेल आउटलेट संचालक से सुरक्षा मानकों के अनुरूप बिन्दु क्रमांक (2) के ग्राहकों हेतु विक्रय की अनुमति दी जा सकेगी।

## सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाना और जलाना दंडनीय

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत आड़ावाल में सरपंच की अध्यक्षता में ठोस कचरा प्रबंधन नियम के अंतर्गत जनजागरूकता एवं सामूहिक शपथ कार्यक्रम किया गया। मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को स्रोत स्तर पर ही कचरे के सही पृथक्करण, उसके सुरक्षित निपटान तथा एक स्वच्छ एवं सतत ग्राम निर्माण के प्रति जागरूक करना था। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और दुकानदारों को एक विशेष डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से कचरा प्रबंधन की बारीकियों से रूबरू कराया गया जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा तथा सैनिटरी कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में एकत्रित करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। साथ ही इस पृथक किए गए कचरे के उचित संग्रहण और प्रबंधन से पर्यावरण व समाज को होने वाले दूरगामी लाभों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तीकरण और संगठन विस्तार की बनी रणनीति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार**

### धनेलीकन्हार मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मिला संगठन मजबूत करने का मंत्र



भारतीय जनता पार्टी धनेलीकन्हार मंडल ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

तेलावट ग्राम में स्थित गोटूल भवन में आयोजित मंडल स्तरीय संगठनात्मक मासिक बैठक में बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार, कार्यकर्ता सक्रियता और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर व्यापक मंथन किया गया। भाजपा के प्रदेश स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं धनेलीकन्हार मंडल प्रभारी दिलीप जायसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और पार्टी की विचारधारा एवं उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाजपा प्रदेश अनुसंधान संयोजक विकेश हिचामी ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सदस्यता अभियान, प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात, बूथ सशक्तिकरण अभियान, शक्ति केंद्रों की गतिविधियों तथा संगठन विस्तार कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की।

### बैठक में यह रहे शामिल

*इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सितंबर कावड़े, पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश सेन, मंडल महामंत्री एवं जनपद सदस्य सभापति अशोक कचलाम, मंडल महामंत्री देवेंद्र यदु, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सभापति नितेश सलाम, एसटी मोर्चा अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सभापति मिथलेश मंडावी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित टावरी, मंडल कोषाध्यक्ष हेमलाल गढ़िया, युवा मोर्चा महामंत्री प्रिंस पांडे, उपसरपंच नम्मू खरे सहित मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## पुलिस प्रशासन व विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

# प्रतिबंधित क्षेत्र पर कांग्रेसी की आतिशबाजी पर फूटा आक्रोश, भाजयुमो ने थाना घेरा

- *मुख्य चौक पर भाजयुमो ने की आतिशबाजी तब रोका गया*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर**



भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक को प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किए जाने के बावजूद, नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। कल रात मुख्य चौक पर नियमों को ताक पर रखकर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया, जिसमें भारी आतिशबाजी और पटाखे फोड़े गए।

सबसे खतरनाक बात यह है कि मुख्य चौक पर कई कपड़े की दुकानें स्थित हैं, जहाँ इस भारी आतिशबाजी से भयानक आग लग सकती थी और कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती थी। इस खतरे को देखते हुए पूर्व में व्यापारी संघ भानुप्रतापपुर के द्वारा भी मुख्य चौक में पटाखा फोड़ने को लेकर कड़ा विरोध जताया जा चुका है, इसके बावजूद व्यापारियों और आम जनता की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले इस गैर-कानूनी आयोजन में स्थानीय कांग्रेस विधायक भी खुद मौजूद थीं। विपक्ष के नेताओं द्वारा नियमों के इस सरेआम उल्लंघन, स्थानीय विधायक के इस रवैये और पुलिस प्रशासन की सुस्ती के खिलाफ आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर दिया और पुलिस प्रशासन व स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### पुलिस प्रशासन के दोहरा मापदंड

इस प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के दोहरे मापदंडों की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए याद दिलाया कि पिछली बार जब भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा हुई थी, तब खुशी मना रहे युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को इसी मुख्य चौक पर पटाखा फोड़ने से पुलिस ने जबरन रोक दिया था। इतना ही नहीं, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भाजयुमो कार्यकर्ता शुभम गुप्ता के ऊपर केस दर्ज कर कार्रवाई भी कर दी थी। कार्यकर्ताओं ने कड़ा सवाल उठाया कि जब नियमों का हवाला देकर हमारे कार्यकर्ता शुभम गुप्ता पर तत्काल कार्रवाई की जा सकती है, तो आज मुख्य चौक पर सरेआम नियम तोड़ने वाले और व्यापारी संघ के विरोध को दरकिनार करने वाले कांग्रेसी नेताओं पर एफआईआर दर्ज करने में पुलिस के हाथ क्यों कांप रहे हैं? इसी मांग को लेकर जब भाजयुमो अध्यक्ष डिकेश साहू के नेतृत्व में आज भाजपा महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और भाजपा के समस्त कार्यकर्ता भारी संख्या में थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की, तो पुलिस प्रशासन मामले में आनाकानी और लेत-लतीफी करने लगा।

### नागरिकों व व्यापारियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

इस अवसर पर नगर पंचायत से निखिल सिंह राठौर ने कड़े शब्दों में प्रहार करते हुए कहा कि नगर की शांति व्यवस्था, नियमों का पालन और आम नागरिकों व व्यापारियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रतिबंधित मुख्य चौक पर सत्ता के अहंकार में चूर होकर इस तरह पटाखों का तांडव मचाना और आगजनी के खतरे को न्योता देना कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। कानून सबके लिए एक होना चाहिए और नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले इन रसूखदारों पर पुलिस को तत्काल कानूनी हथकड़ी लगानी चाहिए। इसके साथ ही भाजपा मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन यह न भूले कि छत्तीसगढ़ में अब भाजपा की सरकार है, इसलिए किसी भी कांग्रेसी नेता को भानुप्रतापपुर की शांति व्यवस्था बिगाड़ने और व्यापारियों के जान-माल को खतरे में डालने की खुली छूट नहीं दी जाएगी, पुलिस निष्पक्ष होकर राजधर्म निभाए और विधायक के दबाव में आना बंद करे,

### प्रदर्शन में रहे शामिल

इस घेराव और प्रदर्शन में मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा, भारतीय जनता अनुसूचित जाति मोर्चा सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। इसमें मुख्य रूप से जिला भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी नरोतम चौहान, जिला पदाधिकारी रत्नेश सिंह, संकेत नशीनें, भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर मंडल अध्यक्ष डीगेश खापर्डे, महामंत्री गिरधारी नरेटी, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन दुबे, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवं पार्षद रजिंदर रंधावा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु ठाकुर, पार्षद गुमान ठाकुर, राजकुमार यादव, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज रावते, महामंत्री कौशल रामटेके, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश देवांगन, उपाध्यक्ष नरेंद्र साबले, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडीया, महामंत्री शकुंतला यादव, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष छत्रपाल यादव, शुभम गुप्ता, गौरव श्रीवास्तव, हर्ष साहू, मंडल मंत्री शैलेश ठाकुर, मंडल कोषाध्यक्ष राहुल साहू, मीडिया प्रभारी कृष शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी कनक राजपूत, नागेश सेन, मंडल पदाधिकारी तामेश्वर साहू, नीतीश मेहता, भावेश वर्मा, मोहित विश्वास, अंकुर दास, संदीप छाबड़ा, सुभाष कोठारी, सौरभ सचदेव, हरमनप्रीत रंधावा, अभय ठगेल, रोहित चक्रवर्ती, धर्मदास कश्यप, गणेश संचाला, संजय कश्यप, गौतम सूर्यवंशी, आयुष जायसवाल एवं महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सीता चंद्राकर, कोषाध्यक्ष उर्मिला जसूजा मंत्री गीता ठाकुर मीडिया प्रभारी राजेश्वरी कचलाम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# महिलाओं ने पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

प्रदेश साहू समाज के आव्हान पर 7 जून को पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत कांकेर जिला में भी समाज के पदाधिकारियों, महिलाओं एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान समाज की सक्रिय सदस्यों ने कहा कि वर्तमान समय में लोग पौधे तो लगा देते हैं, लेकिन उनकी नियमित देखभाल नहीं कर पाते, जिसके कारण अधिकांश पौधे वृक्ष बनने से पहले ही नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ साहू समाज का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण कर उन्हें विकसित वृक्ष के रूप में तैयार करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए समाज के सदस्य अपने-अपने घरों की बाड़ियों एवं सुरक्षित स्थानों पर पौधे लगा रहे हैं, ताकि उनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित की जा सके। इससे पौधे सुरक्षित रहेंगे और भविष्य में छायादार तथा पर्यावरण के लिए उपयोगी वृक्ष बन सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों की देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम का मुख्य संदेश एक पौधा लगाएं, उसका संरक्षण करें और उसे वृक्ष बनाएं रहा। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज चवांड की उपाध्यक्ष हीम साहू, संगठन सचिव जामवंती दादर, शिल्पा साहू, सदस्य मीना साहू, दुर्गेश साहू, वर्षा लता साहू, ईश्वरी साहू, देवकी साहू, विद्या साहू, समीक्षा साहू, पुनीता साहू, रामकुवर साहू, अल्का साहू, अनुसुइया साहू एवं महेश्वरी साहू सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने सरकार प्रतिबद्ध : केदार

**जगदलपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को मदार्पाल मंडल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर 4 करोड़ 6 लाख 67 हजार की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, सामुदायिक सुविधाओं और डिजिटल सेवाओं के विस्तार को नई गति मिलेगी।

# दो मंत्री पहुंचे महापौर निवास



**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव व वनमंत्री केदार कश्यप रविवार को महापौर संजय पांडेय के श्यामा प्रसाद वार्ड स्थित निवास पहुंचे। उनका स्वागत महापौर तथा उनकी धर्मपत्नी एवं बेटी और अन्य सदस्यों ने किया। परिवार का हालचाल जान कर अरूण साव ने बेटी स्वर्णिका को अच्छे से पढ़ाई कर उंचे पद पर पहुंचकर परिवार का नाम रोशन करने की बात कही। इस मौके पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, निर्मल पाणीग्राही समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# करपावण्ड के सुदराम और बकावंड के कमलराम को मिला मोर्चा का नेतृत्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

भारतीय जनता पार्टी ने जिले के नौ मण्डलों में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने करपावण्ड, बकावण्ड, सरगीपाल, लोहण्डीगुड़ा, दरभा, बास्तानार, बस्तर, जगदलपुर पूर्वी व पश्चिमी मण्डल के नई कार्यकारिणी टीम घोषणा की है।

करपावण्ड मण्डल में अध्यक्ष सुदराम कश्यप, उपाध्यक्ष नरसिंह बघेल, गोविंद कश्यप, नरसिंह बघेल, महामंत्री रामेश्वर बघेल, अनंत राम कश्यप, मंत्री गोमती नेताम, सिरोमती कश्यप,हिराराम बघेल, कोषाध्यक्ष चैतन मौर्य, सह कोषाध्यक्ष कनकदेई कर्मा, कार्यालय मंत्री तुलसी बघेल, मीडिया प्रभारी भीमचंद कोर्राम,सह मीडिया प्रभारी विषम बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी बालसिंह बघेल,सह सोशल मीडिया प्रभारी चकर कश्यप, छात्रावास प्रभारी मंगलु भारती, आईटी सेल प्रमुख सोनाधर भारती बनाये गये हैं।

बकावण्ड मण्डल में अध्यक्ष कमलराम मौर्य, उपाध्यक्ष हलधर कश्यप, कमल बघेल, मूनीम साहनी, भोलाराम बघेल, महामंत्री सोनासाय कश्यप व जगन्नाथ कश्यप, मंत्री महेश कश्यप, सुकरूराम कश्यप, लक्ष्मण कश्यप, दयाराम कश्यप, कोषाध्यक्ष झालर कश्यप, कार्यालय मंत्री बीगन्ने बघेल, मीडिया प्रभारी बलदेव कश्यप व सोशल मीडिया प्रभारी मनीराम कश्यप नियुक्त किये गये हैं। सरगीपाल मण्डल में अध्यक्ष पाकलूराम कश्यप, उपाध्यक्ष मदुराम कश्यप, लखमुराम कश्यप, बलराम बघेल, बेनूराम कश्यप, महांमंत्री तुलसीराम बघेल, अर्जुन कश्यप, मंत्री कुष्टोराम भारती, अशोक बघेल, मधुसूदन कश्यप, गंजामी बघेल, कोषाध्यक्ष डूमराज नाग व मीडिया प्रभारी दीपक मौर्य को बनाया गया है। जगदलपुर पूर्वी मण्डल में अध्यक्ष घनश्याम बघेल, उपाध्यक्ष गायत्री बघेल, दीपक कश्यप, संदीप बघेल, महामंत्री नीलिमा दत्ता व यशवंत ध्रुव, मंत्री यशवंत सारथी, चम्पा बघेल, धनीराम नाग, कोषाध्यक्ष सुकचंद बघेल, सह कोषाध्यक्ष दयावती ध्रुव, कार्यालय मंत्री अमित बघेल, मीडिया प्रभारी ललित बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी राजू बघेल व सह सोशल मीडिया प्रभारी सूरज उईके बने हैं। जगदलपुर पश्चिम मण्डल में अध्यक्ष शम्भू नाग, उपाध्यक्ष विमला बघेल, सुलोचना भारती, समलू बघेल, महामंत्री संतोष बत्रा व मनमोहन बघेल, मंत्री लिमधर बघेल, भास्कर समरथ, कपिलराम मण्डावी, कोषाध्यक्ष सिमरन नाग, कार्यालय मंत्री अविनाश रंधारी, मीडिया प्रभारी रूपेश गावडे. व सोशल मीडिया प्रभारी ललित भारती बनाये गये हैं। बास्तानार मण्डल में अध्यक्ष गमचंद मण्डावी, उपाध्यक्ष आसू मण्डावी, रूकनाथ मण्डावी, बोड़ा कश्यप, सोनकू वेक, महामंत्री माहरू पोड़याम व बूसका बेड़ता, मंत्री कुदरू मुचाकी, मनी मण्डावी, बुधराम कुहरामी, कामेन्द्र मण्डावी, कोषाध्यक्ष टोरका वेक, मीडिया प्रभारी मुन्ना बेंजाम बनाये गये हैं। दरभा मण्डल में अध्यक्ष रामसिंह नाग , उपाध्यक्ष मासाराम मण्डावी, लच्छूराम नाग, सोमारू बघेल, सकूरा बाई ठाकुर, महामंत्री पीलूराम कश्यप व धीरनाथ कश्यप, मंत्री पण्डरू मरकाम, सुकरू बघेल, लखमनी शार्दुल, लिमधर नाग, कोषाध्यक्ष मंगलुराम कश्यप, मीडिया प्रभारी मनीराम मण्डावी, सोशल मीडिया प्रभारी जगर कोर्राम व कार्यालय मंत्री दलसाय नाग को बनाया गया है।

## उप मुख्यमंत्री ने दुगनपाल में किया हर घर जल योजना का निरीक्षण

# जल अर्पण से दिया जल संरक्षण का संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**





उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत दुगनपाल में जल अर्पण कार्यक्रम में शामिल होकर जल संरक्षण और पेयजल प्रबंधन का संदेश दिया। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत संचालित हर घर जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर पेयजल आपूर्ति स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने गांव में स्थापित स्टैंड पोस्ट पर मौली धागा बांधकर जल अर्पण किया और जल को जीवन का आधार बताते हुए इसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है और इसके लिए जनसहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण भी किया और ग्रामीणों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि पेड़ों से ही जल का संरक्षण संभव है। जहां हरियाली होगी, वहां जल स्रोत भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन एक-दूसरे के पूरक हैं।

### वर्षा जल का संग्रह करें

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई । गांवों में डबरी, तालाब तथा अन्य जल संरचनाओं का निर्माण कर वर्षा जल का संग्रह किया जाए। इससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और भविष्य में पेयजल संकट की संभावना कम होगी। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी संचालन और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ताकि निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महापौर संजय पाण्डे, कलेक्टर आकाश छिकारा, प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी केके मरकाम, अतिरिक्त मिशन संचालक जल जीवन मिशन ओंकेश चंद्रवंशी, अधीक्षण अभियंता कैलाश मंडरिया, कार्यपालन अभियंता एचएस मरकाम और अन्य अधिकारी तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## निर्माण कार्यों में तेजी लाएं : अरुण साव

**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लेते अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों, बजट मद से संचालित योजनाओं तथा सड़क एवं भवन निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं पर संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगतिरत सड़क और भवन निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जब हम ही निर्माण कार्यों का निर्धारण करते है, तब उन्हें समय पर पूरा कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अधिकारियों को प्रशासनिक क्षमता का पूरा उपयोग करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज